प्रेम प्रसंग के चलते दम्पती की गोली मारकर हत्या की

महिला और उसके पति के चेहरे व कनपटी पर मारी थी गोली

-कार्यालय संवाददाता-

- महिला के साथ फैक्ट्री में काम करता था आरोपी
- मृतका का भाई काम से लौटा तो घटना का पता चला
- हत्यारे की तलाश में जुटी है सांगानेर सदर थाना पुलिस

जयपुर । सांगानेर सदर थाना इलाके में शुक्रवार को एक दम्पती की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के मामले में पुलिस महिला के साथ काम करने वाले युवक की तलाश कर रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है। पुलिस ने शवों को महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम को पुलिस को शिकारपुरा रोड पर गोली मार कर दम्पती की हत्या की सूचना मिली। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाए। शुक्रवार को दिनदहाड़े जोतड़ावाला शिकारपुरा रोड निवासी 30 वर्षीय राजाराम और 26 वर्षीय आशा की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी मोनू उपाध्याय की तलाश में पुलिस टीम यूपी के लिए के लिए रवाना हो गई है। आरोपी आगरा का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पति-पत्नी दोनों ही सांगानेर रीको एरिया स्थित फैक्ट्री में काम करते थे। घर में राजाराम के भाई-बहन भी रहते हैं। दोपहर करीब 12:30 बजे आशा की फैक्ट्री में काम करने वाला मोनू बातचीत के लिए उनके घर आया था।

इस दौरान घर पर आशा और राजाराम के साथ उसकी बहन भी मौजूद थी। राजाराम ने बहन को मोनू से कोई बातचीत करने की कहकर बाहर जाने को कहा। बहन किसी परिचित से मिलने उनके घर चली गई। दोपहर करीब 1 बजे छोटा भाई लंच में फैक्ट्री से घर आया था। घर के अंदर भाई-भाभी के सिर के पास से खून निकलते देखा। चेहरे पर चोट के निशान थे। उसने तुरंत चिल्लाकर पडौसियों को बुलाया। उनकी मदद से बेसुध हालत में भाई-भाभी को महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

आरोपी मोनू उपाध्याय मृतका आशा के साथ सीतापुरा में एक फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग मानकर काम कर रही है। आरोपी ने राजाराम के कनपटी और आशा के चेहरे पर गोली मारी है। राजाराम भी मजूदरी ही करता है। घटना की सूचना पर डीसीपी साउथ दिगंत आनंद सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस कंट्रोल रूम से दोपहर करीब 2:30 बजे सांगानेर सदर पुलिस को सूचना मिली। महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचने पर पुलिस को डॉक्टर्स ने गन शूट होना बताया। दंपती की कनपटी के पास गोली मारी गई थी। पुलिस को प्रथमदृष्टया जांच में मोनू नाम के परिचित के बातचीत करने घर आने का पता चला। मोनू ने ही कहासुनी होने पर दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस को वारदात स्थल पर एक खाली कारतूस भी मिला है। पुलिस हत्या कर भागे आरोपी परिचित की तलाश कर रही है।

'खेमराज कमेटी की रिपोर्ट से कर्मचारियों में आक्रोश'

- सरकार ने सामंत व खेमराज कमेटी के चक्कर में कार्मिकों को उलझाकर उनके 7 साल बर्बाद कर दिए हैं : गजेन्द्र सिंह

जयपुर । अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने खेमराज कमेटी की रिपोर्ट को कर्मचारियों के साथ धोखा बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सामंत कमेटी और खेमराज कमेटी के चक्कर में कर्मचारियों को उलझा कर उनके 7 साल से ज्यादा समय को बर्बाद किया है और सरकारी धन का भी दुरुपयोग किया है। जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती।

राठौड़ ने बताया कि कमेटी की रिपोर्ट में ज्यादातर संगठनों की जायज मांगों को नकार दिया गया है। जिसमें मंत्रालयिक संवर्ग की द्वितीय पदोन्नती 4200 करने एवं चिकित्सा विभाग के पैरामेडिकल कर्मचारियों को केंद्र के समान वेतन देने, जेल प्रहरी तथा होमगार्ड के पदों की चली आ रही विसंगतियों को दूर नहीं किया तथा शिक्षा विभाग के अध्यापकों की वेतन विसंगतियों और वाहन चालक एवं अन्य आइसोलेटेड पदों के कार्मिकों सहित आयुर्वेद वन विभाग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति को दूर नहीं किया गया है। इससे प्रदेश के राज्य कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से वेतन विसंगतियों पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

राठौड़ ने कहा कि महासंघ, (एकीकृत) जल्दी ही प्रदेश महा समिति की मीटिंग बुलाकर कर्मचारी संघों से बात करेगा और आवश्यकता पड़ी तो प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति तय करेगा। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि अधीनस्थ मंत्रालय संवर्ग की दूसरी पदोन्नित पर अन्य संवर्गों की भांति ग्रेड पे 4200 को किए जाने की मांग की गई थी तथा वार्ता में इसे उचित मांग बताया गया था। इसके अतिरिक्त, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न छोटे बड़े विभागों में एक ही बेच के मंत्रालयिक कर्मचारियों की पदोन्नितयों में भारी असमानता की विसंगति को भी समिति के समक्ष रखा गया था परंतु समिति ने इस पर अपनी रिपोर्ट में कोई टिप्पणी तक नहीं की जबकि पदोन्नित के अवसरों में असमानता का परीक्षण करने का दायित्व समिति को विशेष रूप से सौंपा गया था। अत्यंत आश्चर्य की बात है कि राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ द्वारा समिति के बुलावे पर वार्ता की गई थी, उसके बावजूद भी राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ का नाम तक शामिल नहीं है।

सार-समाचार

राजस्थान यूनिवर्सिटी में कार्यशाला

जयपुर (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं 'रूवा' द्वारा अपनी स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर 'अंडरस्टैंडिंग जैंडर एवं लैंगिक संवेदीकरण' विषय पर कार्यशाला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रूवा उपाध्यक्ष प्रो. बीना अग्रवाल ने लैंगिक समानता के मुद्दों को संबोधित किया। वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रामावतार शर्मा ने जेंडर संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों के महत्त्व एवं पारंपरिक रूढ़ियों और मानदंडों को चुनौती देकर लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के महत्त्व को समझाया। रूवा के एम.एस.एस.के की सह संयोजक डॉ. सुशीला चौधरी ने हमारे समाज में विद्यमान विभिन्न लिंगों के प्रति दृष्टिकोण और व्यवहार की विषमताओ को कम करने और आत्म-जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया, लैंगिक विषमता के लिए उत्तरदायी पितृसत्तात्मक व्यवस्था और मानसिकता में छिपे लैंगिक विभेद महीन कारणों को उजागर करते हुए इसके विविध आयामों पर शॉर्ट फ़िल्मों, प्रश्नावली और बातचीत के माध्यम से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिभागियों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया और लैंगिक समाजीकरण एवं लैंगिक संवेदीकरण की अवधारणा को पोस्टर के माध्यम से समझाया।

भावना ने मुंबई मैराथन में दौड़ लगाई

जयपुर (कासं)। महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी जयपुर निवासी भावना पारीक ने टाटा मुंबई मैराथन में हिस्सा लेकर दौड़ लगाई। भावना इस भाग-दौड़ की जिंदगी में महिलाओं और आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रही है। टाटा मुंबई मैराथन में भावना ने 42 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लिया था। इन्होंने यह दौड़ 5 घंटे 34 मिनट में पूरी की। पारीक हर साल होने वाली मुंबई मैराथन में भाग लेती हैं। इन्होंने भारत में कई मैराथन में हिस्सा लिया है, वह हर साल जयपुर मैराथन में भी दौड़ती है। उन्होंने कई अवॉर्ड भी जीते हैं, जिनमें कई रिकॉर्ड भी शामिल है। भावना का कहना है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। हर विकास कार्य में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है। महिलाएं हर क्षेत्र एथलीट, बिजनेस, क्रिकेट, पॉलिटिक्स अन्य सभी क्षेत्रों में आगे है। भागदौड़ के जीवन में सेहत को ओर अपने आप को फिट रखना बेहद जरूरी है। शरीर फिट रहेगा तो हम भी स्वस्थ रहेंगे।

सड़क सुरक्षा पर जागरूकता सेमिनार

जयपुर । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं को जागरूक करने के लिए सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद, परिवहन मंत्रालय, नई दिल्ली के सदस्य डॉ. निर्मल जैन एवं राजस्थान परिवहन अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय स्तर पर सड़क सुरक्षा के लिए चल रही योजनाओं और कार्ययोजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित युवाओं को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि रमेश पांडे, जिला परिवहन अधिकारी ने यातायात संबंधी नियमों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सकती है। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च, जयपुर के वरिष्ठ आचार्य, चिकित्सक व ट्रस्ट सदस्य तथा मिडिया प्रभारी प्रो. डॉ.राजीव सक्सेना ने बताया कि इस माह के अंतर्गत सड़क हादसों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान, यातायात नियमों एवं एक्ट्स के प्रति जागरूक करने के लिए वेबिनार, प्रतिज्ञा, रैली, ड्राइवर्स के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर, निबंध एवं कला प्रतियोगिता, भाषण, नुक्कड़ नाटक सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है व इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना और युवाओं को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना रहा । कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा थीम पर 31 जनवरी तक मनाया जायेगा । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनीष शर्मा, ओमप्रकाश पोद्दार, डॉ. परेश जैन, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. श्रीकृष्णा मिश्रा, शाहनवाज़ मीर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

दुकान से 90 हजार रुपए चुराए

जयपुर । मालपुरा थाना इलाके में एक बदमाश दुकान के काउंटर पर रखे 90 हजार रुपए लेकर भाग निकला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस बदमाश की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार भुसावर भरतपुर हाल प्रतापनगर निवासी भूपेंद्र गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया कि उसने इंडिया गेट पर कृष्णा मोबाइल पाइंट के नाम से दुकान खोल रखी है। 22 जनवरी को दोपहर करीब ढाई बजे एक युवक आया। युवक ने उसे फोन पे करने की बात कहीं और 90 हजार रुपए की नगदी मांगी। इस पर उसने रुपए गिनकर काउंटर पर रख दिए। आरोपी युवक बिना फोन पे किए ही नकदी लेकर भाग निकला। उसने बदमाश को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वह चकमा देकर गलियों में ओझल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

नौकर ले भागे घर से जेवरात-नगदी

जयपुर । विद्याधर नगर थाना इलाके में नौकर मालिक की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर घर से नगदी व जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों नौकरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विद्याधर नगर निवासी लक्ष्मीकांत बियानी ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे घर पर नौकर गुलशन और पप्पू ही थे। वापस लौटा तो दोनों नौकर घर पर नहीं मिले। देखा तो कमरें में रखी अलमारी खुली मिली। नौकर अलमारी से सोने के कड़े, गले का सेट और नगदी लेकर फरार हो गए। पीडित ने नौकरों से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उनका नम्बर बंद आया। इस पर पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि पीडित ने नौकरों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवा रखा था।

स्मैक तस्करी में लिप्त महिला गिरफ्तार

जयपुर । गांधी नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 5.34 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक भी जब्त की है। फिलहाल आरोपित महिला तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत गांधी नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर काजल सांसी (23) निवासी झालाना डूंगरी गांधी नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 5.34 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित महिला तस्कर यह स्मैक जवाहर नगर निवासी एक लडके से लेकर आती है। जिसका नाम और पता नहीं जानती है। जिसे वह साढ़े तीन हजार रुपये प्रति ग्राम के हिसाब से देता है। इसके बाद वह स्मैक की छोटी-छोटी पुडिया बना कर दो सौ से तीन सौ रुपये के हिसाब बेचती है।

गणतंत्र दिवस पर प्रदेश के 2 ए.डी.जी. होंगे राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

- 15 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को भी पुलिस पदक से नवाजा जायेगा

ए.डी.जी. सचिन मित्तल और एस. सेंगाथिर

जयपुर । गणतंत्र दिवस पर उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल हरीभाऊ किसनराव बागड़े प्रदेश के दो अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) स्तर पुलिस अधिकारियों सचिन मित्तल एवं एस. सेंगाथिर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित करेंगे।

इस अवसर पर राजस्थान पुलिस के 15 अन्य अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को भी पुलिस पदक से नवाज़ा जाएगा।

विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कार्मिक सचिन मित्तल व अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस-निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर एस. सेंगाथिर को राज्यपाल हरीभाऊ बागडे द्वारा पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। एडीजी (कार्मिक) सचिन मित्तल ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह की पूर्व संध्या पर उदयपुर जिले में सहेलियों की बाड़ी में एट होम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के 15 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

एडीजी मित्तल ने बताया कि इनमें रिटायर्ड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कान सिंह भाटी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस दूरसंचार अजमेर वेदप्रकाश बालोदिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, लीगल सैल जोधपुर मांगी लाल राठौड, उप अधीक्षक पुलिस, दूरसंचार उदयपुर अनिल कुमार रेवाडिया, पुलिस निरीक्षक एमटी पुलिस मोटर ड्राईविंग स्कूल, बीकानेर गुरजिन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला-झुन्झुनूं गोपाल लाल जांगिड, कम्पनी कमाण्डर महाराणा प्रताप बटालियन प्रतापगढ हवा सिंह एवं पुलिस निरीक्षक राजस्थान पुलिस अकादमी राम प्रसाद शर्मा शामिल है।

मित्तल ने बताया कि इसी प्रकार उप निरीक्षक पुलिस, मुख्यमंत्री सुरक्षा, जयपुर सुरेन्द्र सिंह शेखावत, सहायक उप निरीक्षक जिला विशेष शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला-जयपुर ग्रामीण बाबू लाल जाट, सहायक उप निरीक्षक, जिला विशेष शाखा, दक्षिण जयपुर कल्याण सहाय शर्मा, सहायक उप निरीक्षक, सीआईडी एसएसबी, राजस्थान जयपुर पप्पू कुमावत, कांस्टेबल 261 प्रथम बटालियन, आरएसी, जोधपुर श छगनाराम, कांस्टेबल एसओजी यूनिट अजमेर रामदेव एवं कांस्टेबल, एमबीसी खेरवाडा, उदयपुर हाल सेवानिवृत्त नरेन्द्र कुमार को पुलिस पदक दिया जायेगा।

मोमिन ने 150 साल पुरानी सारंगी पर छेड़ी सुरों की तान

डॉ. सुनील राही ने सजाया गजलों का गुलदस्ता

-कार्यालय संवाददाता-

जवाहर कला केन्द्र में मधुरम महोत्सव में कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

जयपुर । जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में आयोजित दो दिवसीय गायन और वादन महोत्सव मधुरम के दूसरे दिन गुरुवार को सुरों और वाद्य यंत्रों का अनूठा संगम मनमोहक छटा बिखेरता नजर आया।

विभिन्न बॉलीवुड गीतों में अपनी सारंगी की धुन का जादू बिखेरने वाले मोमिन खान ने एकल वादन प्रस्तुति में 150 साल पुरानी सारंगी पर धुन छेड़ी जिसमें उनकी संगत प्रसिद्ध तबला वादक सत्यजीत तलवलकर ने की। वहीं गज़ल गायक डॉ. सुनील राही ने प्रसिद्ध शायरों की गजलों को अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुत करते हुए माहौल को संगीत के रंगों से सराबोर कर दिया।

राजस्थान में सारंगी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए 8वीं पीढ़ी के कलाकार मोमिन खान ने राग बागेश्री से कार्यक्रम की शुरुआत की। इस राग में उन्होंने अपने दादा उस्ताद महबूब खान और पिता पद्मश्री मोइनुद्दीन खान के अंदाज और तानों को जीवंत किया। उन्होंने प्राचीन और आधुनिक तानों के सौंदर्यपूर्ण संयोजन को यहां प्रस्तुत किया। मधुर आलाप के बाद उन्होंने तीन सप्तक का सपाट, बलदार तान, गमक की तान, सुरों की छूट तान, अलग-अलग तिहाईयां बजाकर श्रोताओं का दाद बटोरी। मोमिन ने राग मिश्र पीलू का भी वादन किया। सारंगी वादन के साथ ठुमरी 'सईयां बोलो तनिक मोसे रियो न जाए' का गायन भी मोमिन ने किया। इस अद्भुत प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रस्तुति में प्रसिद्ध कलाकार सत्यजीत तलवलकर ने तबले पर संगत की।

दूसरी प्रस्तुति में डॉ. सुनील राही ने अपनी सुरीली आवाज में प्रसिद्ध शायरों की ग़ज़लों का गुलदस्ता सजाया। काश ऐसा कोई मंज़र होता, मेरे कांधे पर तेरा सर होता से रुमानियत भरी शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने डॉ. सफी हसन की ग़ज़ल मरीज ए इश्क का क्या है जिया न जाए गाई।

इसके अलावा शायर मुमताज राशिद की ग़ज़ल फूल है चांद है क्या लगता है, भीड़ में सबसे जुदा लगता है पेश की। शाम को और सुरीला बनाते हुए शाहिद अख्तर की ग़ज़ल हाथ में लेकर मेरा हाथ ये वादा कर लो गाई। नगमे हैं शिकवे हैं किस्से हैं बातें हैं और हर तरफ हर जगह बेशुमार आदमी, तू ही रे तेरे बिना कैसे जियूं के बाद उन्होंने चंदा रे चंदा रे कभी तो ज़मीं पे आ ग़ज़ल के साथ प्रस्तुति का समापन किया।

44 गौवंश को हिंगौनिया गौशाला पहुंचाया

हैरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा ने शुक्रवार को चौगान स्टेडियम के पास अवैध डेयरी पर कार्रवाई कर 44 गायों को पकड़कर हिंगोनिया गौशाला पहुंचाया। इसके अलावा रामगंज, छोटी चौपड़, चांदपोल इलाके से भी निराश्रित गौवंश को पकड़ा गया। निगम आयुक्त अरुण हसीजा के निर्देश पर पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त डॉ.योगेश शर्मा ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरण

जयपुर । मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक सदगुरुदेव श्री सतपाल महाराज की प्रेरणा से स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीडिया सचिव सुनीता सैनी के अनुसार आज महात्मा अनुसुइया बाईजी एवं अलका बाईजी के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टुंटोली,चाकसू के लगभग 120 छात्र -छात्राओं को स्वेटर वितरित किय गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेश अवस्थी द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए समिति का आभार व्यक्त किया।प्रभारी महात्मा अनुसूईया बाईजी के दिशा निर्देशन में समिति सदस्यों, मानव सेवा दल व यूथ टीम जयपुर द्वारा सांगानेर,चाकसु ,बस्सी एवं हिण्डौन के अनेक वृद्धाश्रमों, अनाथालयों व झुग्गी-बस्तियों में कम्बल,स्वेटर व अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया।आज समिति ने करीब 700 निशक्तजनों को लाभान्वित किया।

'मुख्यमंत्री की बजट पूर्व परिचर्चा सराहनीय कदम'

जयपुर । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बजट पूर्व परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित आर्थिक जगत के बुद्धिजीवी वर्ग को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि टैक्स उपभोक्ता देता है, ऐसे में हमें बजट में उपभोक्ता के हित में सोचना और विचार करना चाहिए। उपभोक्ताओं के साथ हमारा सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र कृषि है और हमें किसानों को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाना चाहिए। आज की इस परिचर्चा कार्यक्रम में सभी ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए है, जिन्हें सूचीबद्ध कर सरकार तक पहुंचाया जाएगा और प्रयास किया जाएगा कि इन सुझावों को बजट में शामिल किया जाए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि हमारा सबसे महत्वपूर्ण सेक्टर कृषि है। इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार कई योजनाओं को शुरू किया। इसका उद्देश्य किसान की आय डबल करना है।

उन्होंने कहा कि किसान सशक्त और मजबूत होगा तो हमारा राष्ट्र भी मजबूत होगा। फसल बीमा योजना, मृदा परीक्षण, माल संग्रहित करने की व्यवस्था, ई-नाम जैसी सुविधा सहित कई ऐसी योजना है जो भाजपा सरकार ने किसानों के लिए शुरू की है। इतना ही नहीं, एमएसपी बढ़ाने का काम भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस लिए हमें कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में किसानों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। राठौड़ ने कहा कि बजट पूर्व परिचर्चा करने का मुख्य उद्देश्य अध्ययन करने वाले शिक्षाविदों के ज्ञान का लाभ सबको मिल सकें।

टैंकर का वॉल्व खुला रहने से गैस लीक, दहशत फैली

- टैंकर लेकर भाग रहे चालक को पुलिस ने पीछा कर दबोचा

जयपुर । बगरू थाना इलाके के जयपुर-अजमेर हाईवे पर टैंकर का वॉल्व खुला रह जाने के कारण गैस लीक होने से लोगों में दहशत फैल गई। टैंकर लेकर भाग रहे चालक को पुलिस ने पीछा कर गैस टैंकर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी मोतीलाल शर्मा ने बताया कि बगरु रीको स्थित एक फैक्ट्री में टैंकर से गैस खाली करने आया था। गैस खाली कर फैक्ट्री से निकलते समय वॉल्व खुला छोड़ दिया। टैंकर से खुले वॉल्व से गैस की बदबू उठने पर लोगों में दहशत फैल गई। गैस टैंकर से दूर की तरफ भागे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस दौरान मौके से गैस टैंकर को लेकर चालक फरार हो गया। पुलिस ने कई किलोमीटर तक गैस टैंकर का पीछा कर जयपुर-अजमेर हाईवे पर पकड़ा। चालक से पूछताछ में सामने आया है कि गैस टैंकर खाली है। फैक्ट्री में टैंकर से गैस खाली कर निकला था। टैंकर के निचले हिस्से में केमिकल रह गया। वॉल्व खुला रह जाने के ब्रेक लगाने पर झटका लगने पर गैस निकलने पर बदबू आने लगी। टैंकर से फैक्ट्री लाई गई गैस ज्वलनशील नहीं थी। पुलिस ने कार्रवाई कर गैस टैंकर को जब्त कर चालक ध्यानेश्वर कोकाटे को गिरफ्तार किया गया है।

नकली किताब छापते दो गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। कानोता थाना पुलिस ने एनसीईआरटी की नकली किताबें छापते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस को एक आरोपी की तलाश है। फिलहाल वह पुलिस की पकड़ से दूर है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि बसंत विहार स्थित एक मकान में एनसीईआरटी की नकली किताबें छापने की जानकारी मिली थी। इस मामले में बलराम और गिरिराज को अरेस्ट किया है। इन दोनों के खिलाफ एनसीईआरटी के भूपेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई है। कार्रवाई में मकान से 12315 किताबें सीज की है। थानाधिकारी उदयसिंह ने बताया कि एनसीईआरटी की नकली किताबें छापने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ कर फरार साथी की तलाश की जा रही है।

नीट क्लियर नहीं होने से अवसाद में आए युवक ने लगाई आमेर मावठे में छलांग

आमेर थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने युवक को पानी से बाहर निकाल जान बचाई

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । आमेर थाना इलाके में शुक्रवार दोपहर एक युवक ने आमेर मावठे में कूद कर आत्महत्या की कोशिश करने का मामला सामने आया है।

सूचना मिलने पर पुलिस और सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर युवक को पानी से बाहर निकाल जान बचाई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आत्महत्या की कोशिश करने वाला युवक ने नीट क्लियर नहीं होने से अवसाद आ गया और फिर उसने आमेर मावठे में छलांग लगा दी।

थानाधिकारी अंतिम शर्मा ने बताया कि आमेर के नाटाटा के रहने वाले युवक (22) ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। जो शुक्रवार दोपहर आमेर मावठा पहुंचा कुछ देर इधर-उधर देखने के बाद मावठे में छलांग लगा दी।

युवक डूबते देख आसपास के लोगों के शोर मचाने पर मावठा के पास तैनात सिविल डिफेंस टीम ने तुरंत एक्शन लिया। मावठे में उतर रेस्क्यू कर तुरंत पानी में डूबते युवक को रस्सी की मदद से युवक को पकड़ पानी से बाहर निकाला। पुलिस भी सूचना पर तुरंत आमेर मावठा पहुंची।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वह पिछले काफी समय से नीट एग्जाम की तैयारी कर रहा है। नीट क्लियर नहीं होने के चलते पिछले काफी दिनों से अवसाद में चल रहा था। वह आर्मी में जाना चाहता है, लेकिन उसके परिजन डॉक्टर बनाने के पीछे लगे है। अवसाद में आकर आमेर मावठा में कूदकर जान देने पहुंच गया।